NAME	PLACE	DATE	PAGE
Deshbandhu	New Delhi	December 24, 2014	4

24

फिक्की महिला शाखा स्वच्छता में सहयोग करेगी

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने आज स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के अवसर पर कांस्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा आयोजित एक समारोह में कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द का बलिदान और उनके कार्य आज भी देश में उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 1920 में थे। उपाध्याय ने कहा कि स्वामी जी ने जहां अंग्रेजों के विरुद्ध स्वातंत्रता संग्राम में सक्रियता से भागीदारी की तो एक सामाजिक परिवर्तक के रूप में आर्य समाज के माध्यम से छुआछूत को मिटाने के लिए कार्य किया। हिन्दु-मुस्लिम एकता और शिक्षा के माध्यम से सबका विकास उनके जीवन का ध्येय था। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में फिक्की की महिला शाखा से उपाध्याय ने महिला उद्यमियों से आह्वान किया कि वह स्वच्छता एवं शिक्षा के लिए दिल्ली के नगर निगमों कों अपना सहयोग दें। आप समाज का साधन सम्पन्न वर्ग हैं और अपने उद्यमों के माध्यम से स्कूलों में टायलेट और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने में अपना सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर कार्यकारी बोर्ड की सदस्या हरजिन्दर कौर एवं नीतो बोचरा ने घोषणा की।

स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के अवसर पर कांस्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने किया आयोजन